**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 27.07.2025** **समय : 1905**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में कहा है कि इक्कीसवीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।**
- **महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती के उपलक्ष्य में आडि तिरुवथिरई उत्सव के समापन समारोह में भाामिल हुए।**
- **अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने बैंगलुरु में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट में भाग लिया।**
- **दक्षिण अंडमान उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने आज पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के साथ कई सार्वजनिक अवसंरचना सुविधाओं का स्वराज द्वीप में उद्घाटन किया।**

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इक्कीसवीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया। श्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय रसायन–शास्त्र ओलिंपियाड में पदक जीतने वाले छात्रों की भी चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गणित ओलिंपियाड में, भारत के विद्यार्थियों ने तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक हासिल किये है। प्रधानमंत्री ने यूनेस्को द्वारा बारह मराठा किलों को विश्व धरोहर स्थल घोषित करने पर गर्व व्यक्त किया। इनमें से ग्यारह किले महाराष्ट्र में हैं और एक किला तमिलनाडु में है।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहार और परम्पराएं भारतीय संस्कृति का एक बड़ा आधार हैं। श्री मोदी ने बताया कि भारत ने अमरीका में हुए वर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्स में लगभग छह सौ पदक जीतकर इतिहास रचा है। भारत को स्पोर्टिंग सुपर पावर बनाना हमारा लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अब एक जन आंदोलन बन गया है। ग्यारह वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन बना है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान और इतिहास का दस्तावेजीकरण करना ज़रूरी है। ज्ञान भारतम् मिशन के तहत प्राचीन पांडुलिपियों को डिजिटलाइज किया जाएगा। फिर नेशनल डिजिटल डिपॉजिटरी बनाई जाएगी। जहां दुनियाभर के विद्यार्थी शोधकर्ता भारत के ज्ञान परंपरा से जुड़ सकेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की अपनी दो दिन की यात्रा के दूसरे दिन आज तमिलनाडु के अरियालुर जिले में महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती के उपलक्ष्य में आदि तिरुवथिरई उत्सव के समापन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने जिले के गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों के कल्याण और भारत की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि राजा चोल और राजेंद्र चोल के नाम भारत की पहचान और गौरव के पर्याय हैं। प्रधानमंत्री ने भारत के महानतम सम्राटों में से एक, राजेंद्र चोल प्रथम के सम्मान में एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। संगीतकार इलैयाराजा ने भी इस कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। प्रधानमंत्री ने एक भव्य रोड शो भी किया। मार्ग के दोनों ओर भारी भीड़ जमा थी, झंडे लहरा रहे थे और उनके स्वागत में नारे लगा रहे थे। मंदिरों का शहर फूलों, पारंपरिक पताकाओं और चोल–युग की आकृतियों से खूबसूरती से सजाया गया था। आज का समारोह राजेंद्र चोल प्रथम के दक्षिण–पूर्व एशिया के समुद्री अभियान और यूनेस्को द्वारा सूचीबद्ध गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर के निर्माण की हजारवीं वर्षगांठ का भी प्रतीक है। आडि तिरुवथिरई महोत्सव दो हजार पच्चीस राजेंद्र चोल प्रथम की चिरस्थायी विरासत और चोल वंश की सांस्कृतिक प्रतिभा को भव्य श्रद्धांजलि है। यह नक्षत्रम तमिल कैलेंडर में, विशेष रूप से शैव परंपराओं में, एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि यह चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम के जन्म नक्षत्र का प्रतीक है। यह तमिल महीने आडि के दौरान मनाया जाता है और तिरुवथिरई नक्षत्रम से जुड़ा है।

<><><><><><><>

पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्य–तिथि पर आज देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। डॉ. कलाम ने देश के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका

निभाई थी। उन्हें मिसाइल मैन के तौर पर भी जाना जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. कलाम दूरद्रष्टा, असाधारण वैज्ञानिक, प्रेरक व्यक्तित्व और महान देशभक्त थे। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम के विचार युवाओं को विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित करते हैं।

<><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने बैंगलुरु में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट में भाग लिया। इसकार्यक्रम के तहत ब्रांड अंडमान को बढ़ावा देने और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के अनूठे पर्यटन अवसरों को देश–विदेश के पर्यटकों के सामने लाने का प्रयास किया गया। आकाशवाणी श्री विजयपुरम् से बातचीत में एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन विनोद ने उपराज्यपाल सहित प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

<><><><><>

दक्षिण अंडमान उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने आज पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों और प्रशासन के अधिकारियों के साथ कई सार्वजनिक अवसंरचना सुविधाओं का आज स्वराज द्वीप में उद्घाटन किया और प्रमुख विकास स्थलों का क्षेत्रीय निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान, ग्रामीण विकास सचिव ने राधा नगर ट्रेकिंग प्वाइंट पर पार्किंग स्थल सहित एक पर्यटक शेड का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य द्वीप के पर्यटन क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधाओं को बढ़ाना है। इलाके में स्वच्छता सुविधाओं में सुधार के लिए श्याम नगर–तीन स्थित काली मंदिर के पास एक सामुदायिक शौचालय का भी उद्घाटन किया गया। श्याम नगर के प्रधान और गोविंद नगर के प्रधान ने ग्राम पंचायत सामुदायिक भवन में उपायुक्त का औपचारिक स्वागत किया, जहाँ स्थानीय कार्यक्रमों और समारोहों के लिए एक नवनिर्मित किचन शेड का उद्घाटन किया गया। सड़क के किनारे सौंदर्याकरण और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित, आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान भी शुरू किया गया। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रयासों के एक भाग के रूप में, सामुदायिक भवन में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह के दौरान, घरेलू स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के प्रयासों के तहत स्थानीय निवासियों को कूड़ेदान वितरित किए गए। उपायुक्त ने समुदाय की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

<><><><><>